# मध्य प्रदेश वासियों के नाम
# माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का पत्र

**मेरे प्यारे मध्य प्रदेश वासियों,**

**माँ नर्मदा की इस पावन धरा को मेरा प्रणाम**

मैं जब भी मध्य प्रदेश आता हूँ, आपके मन में मेरे प्रति इतना प्रेम और स्नेह देखकर मुझे अपार ऊर्जा मिलती है। आज मध्य प्रदेश विकास की राह पर जिस गति से आगे बढ़ रहा है वह हमारे लिए अत्यंत हर्ष की बात है। **पिछले 20 वर्षों में मध्य प्रदेश बीमारु राज्य के अपने अतीत से निकल कर सशक्त, समृद्ध और स्वावलंबी बना है।** कौन भूल सकता है 2003 से पहले के मध्य प्रदेश को, जहाँ बिजली, पानी, सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव था। **पिछले 20 वर्ष से जो भरोसा आपने हम पर दिखाया है उसके चलते मध्य प्रदेश देश की टॉप 10 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है।** इन 20 वर्षों में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं भाजपा सरकार की अथक मेहनत के परिणाम स्वरूप आज **मध्यप्रदेश में हुए 5 लाख किमी से अधिक सड़कों के निर्माण, 16 प्रतिशत से अधिक आर्थिक विकास दर, 65 लाख से अधिक घरों में नल से जल, 28 हजार मेगावाट ऊर्जा उत्पादन** को देख कर मुझे गर्व की अनुभूति हो रही है।

ये 20 वर्ष न सिर्फ मध्य प्रदेश के विकास के रहे हैं बल्कि ये आपके हम पर विश्वास के भी रहे हैं। **आज मध्य प्रदेश का विकास मॉडल पूरे देश के लिए गरीब कल्याण, महिला उत्थान एवं समग्र प्रोत्साहन का मॉडल बन गया है।** भाजपा सरकार ने अपने गरीब कल्याण के संकल्प की सिद्धि के लिए मध्य प्रदेश के हर वंचित के लिए अनगिनत योजनाएं चलाई हैं, जिनके चलते आज **मध्य प्रदेश में 1.36 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर आएं हैं।** महिला कल्याण के प्रति समर्पण भाव रखते हुए हमने लाड़ली बहनों और लाड़ली लक्ष्मियों की उन्नति के लिए निरंतर काम किया है। आज मध्य प्रदेश के किसानों, दलितों, आदिवासियों एवं युवाओं का वर्तमान विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के चलते बेहतर हुआ है और उनके सामने एक उन्नत भविष्य राह देख रहा है।

वर्ष 2014 से पहले, केंद्र की कांग्रेस सरकार के सौतेले व्यवहार के कारण, मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार को जनकल्याण एवं प्रदेश के विकास में अनेक कठिनाइयां आती थी। आज पूरा देश साक्षी है कि 2014 के बाद केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद मध्य प्रदेश के भीतर एक नयी क्षमता का विस्तार हुआ और हमने मिलकर जहाँ मध्य प्रदेश को एक उज्ज्वल भविष्य दिया है वहीं अपने गौरवशाली इतिहास को भी सहेजा है। **यह आपके और डबल इंजन सरकार के अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि मध्य प्रदेश भारत के टॉप 3 अर्थव्यवस्था वाले राज्यों में शामिल होने की राह पर तेजी से बढ़ रहा है।**

**मेरा सदा से मध्य प्रदेश के साथ एक विशेष जुड़ाव रहा है जिसके चलते आपने 2014 एवं 2019 के लोकसभा चुनाव में मुझे असीम स्नेह देते हुए भाजपा को अभूतपूर्व विजय दिलाई थी, मुझे पूरा विश्वास है कि उसी तरह आने वाले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी आप मुझ तक अपना सीधा समर्थन पहुंचाएंगे एवं भाजपा पर अपने अटूट विश्वास के चलते फिर इस बार डबल इंजन की सरकार बनाएँगे।**

आपके सुखद भविष्य की कामना के साथ...

आपका अपना,

नरेन्द्र मोदी

मोदी की गारंटी भाजपा का भरोसा



कमल का बटन दबाएं भाजपा को जिताएं

# मोदी की गारंटी, भाजपा का भरोसा
# मध्य प्रदेश संकल्प पत्र 2023

## सशक्त नारी

- **1.3 करोड़** लाड़ली बहनों को मासिक आर्थिक सहायता के साथ मिलेगा आवास का लाभ
- 15 लाख **ग्रामीण महिलाओं** को कौशल प्रशिक्षण द्वारा लखपति बनाएंगे
- **लाड़ली लक्ष्मियों** को जन्म से 21 वर्ष तक **कुल ₹2 लाख**
- गरीब परिवारों की छात्राओं को **केजी से पीजी मुफ्त शिक्षा**
- पीएम उज्ज्वला योजना एवं लाड़ली बहना योजना की लाभार्थियों को **₹450 में सिलेंडर**




## समृद्ध किसान

- **MSP के साथ बोनस**, ₹2,700 प्रति क्विंटल पर गेहूं एवं ₹3,100 प्रति क्विंटल पर धान की खरीद की व्यवस्था करेंगे
- पीएम किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के लाभार्थियों को **वार्षिक ₹12,000**



## जनजातीय कल्याण

- जनजातीय समुदाय के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए **₹3 लाख करोड़**
- तेंदूपत्ता संग्रहण दर **₹4,000 प्रति बोरा**
- **प्रत्येक जनजातीय परिवार** को **आवास**, नल से **जल, बिजली, एलपीजी कनेक्शन** जैसी सुविधाएं
- प्रत्येक एसटी ब्लॉक में **एकलव्य विद्यालय** एवं इन विद्यालयों के लिए **3,800 शिक्षकों** की भर्ती, साथ ही एसटी बहुल जिलों में **मेडिकल कॉलेज** की स्थापना
- **₹100 करोड़** से सभी जनजातीय **श्रद्धा एवं पूजा स्थलों** का नवीनीकरण



मोदी की गारंटी भाजपा का भरोसा

**कमल का बटन दबाएं भाजपा को जिताएं**

## सबका साथ सबका विकास

- अगले 5 वर्षों के लिए **प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना** के अंतर्गत **सभी गरीब परिवार को मुफ्त राशन** एवं रियायती दर पर दाल, सरसों का तेल एवं चीनी
- **प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ ही मुख्यमंत्री जन आवास योजना** से प्रदेश के हर गरीब परिवार को घर
- वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को **₹1,500 की मासिक पेंशन**
- पीएम विश्वकर्मा योजना से **कारीगरों को ₹15,000 की वित्तीय सहायता और ₹500 दैनिक भुगतान**
- असंगठित श्रमिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में पंजीकृत कराके **सामाजिक सुरक्षा का लाभ**




## उत्तम शिक्षा सक्षम युवा

- गरीब परिवारों के छात्रों को **12 वीं तक मुफ्त** शिक्षा एवं स्कूल बैग, किताबें एवं यूनिफॉर्म खरीदने के लिए वार्षिक **₹1,200** की सहायता
- सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले **सभी छात्रों** को मिड-डे मील के साथ अब **पौष्टिक नाश्ता** भी
- प्रत्येक संभाग में आईआईटी के तर्ज पर **मध्य प्रदेश इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी** एवं एम्स की तर्ज पर **मध्य प्रदेश इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस**
- **5 वर्षों में 2.5 लाख सरकारी नौकरियां**



## सुदृढ़ आधारभूत संरचना

- हर घर को **₹100 में 100 यूनिट** बिजली
- प्रदेश के सभी **खराब ट्रांसफार्मरों को मार्च 2024** तक मिशन मोड में बदलेंगे
- विंध्य एक्सप्रेस वे, नर्मदा पथ, अटल प्रगति पथ, मालवा-निमाड़ पथ, बुंदेलखंड पथ एवं मध्य भारत विकास पथ का निर्माण
- **भोपाल, इंदौर, ग्वालियर एवं जबलपुर में मेट्रो**
- केंद्र के साथ मिलकर **80 रेलवे स्टेशनों** का आधुनिकीकरण, **वंदे मेट्रो और वंदे स्लीपर ट्रेन** की शुरुआत, **रीवा, सिंगरौली एवं शहडोल हवाई अड्डे** का निर्माण
- **बुंदेलखंड, विंध्य एवं महाकौशल विकास बोर्ड**



**मोदी की गारंटी भाजपा का भरोसा**

**कमल का बटन दबाएं भाजपा को जिताएं**

## स्वस्थ प्रदेश

- **₹5 लाख से ज्यादा** व्यय होने पर भी **आयुष्मान भारत** के लाभार्थियों के लिए प्रदेश सरकार खर्चा उठाएगी
- प्रत्येक संभाग में एम्स की तर्ज पर मध्य प्रदेश इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस एवं हॉस्पिटल और आईसीयू में बिस्तरों की संख्या दोगुना
- प्रत्येक लोक-सभा में **मेडिकल कॉलेज** एवं प्रत्येक जिले में **नर्सिंग कॉलेज** स्थापित करके 5 वर्षों में **2,000** और **मेडिकल सीटें** जोड़ेंगे
- **मुफ्त डायग्नोसिस** की सुविधा प्रदान करेंगे
- प्रत्येक ब्लॉक में डायलिसिस यूनिट के साथ **मुफ्त डायलिसिस सेवा**

## प्रगतिशील अर्थव्यवस्था एवं औद्योगिक विकास

- सभी एक्सप्रेसवे के पास **औद्योगिक कॉरिडोर** का निर्माण करके 4.5 लाख रोजगार के अवसर
- **10 नए एमएसएमई क्लस्टर** का निर्माण और प्रदेश में कार्यरत एमएसएमई को **न्यूनतम दर पर ऋण** की व्यवस्था



## सुशासन एवं कानून व्यवस्था

- **राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय** के नए परिसर का निर्माण भोपाल में
- कमिश्नर प्रणाली का विस्तार **जबलपुर और ग्वालियर** में



## सांस्कृतिक धरोहर एवं विकसित पर्यटन

- **₹7,500 करोड़** के निवेश के साथ **2 लाख युवाओं** को पर्यटन के क्षेत्र में प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर
- **13 सांस्कृतिक लोकों** का निर्माण और सभी **शक्तिपीठों** का नवीनीकरण



संकल्प पत्र डाउनलोड करने हेतु

QR कोड को स्कैन करें

मोदी की गारंटी भाजपा का भरोसा

**कमल का बटन दबाएं भाजपा को जिताएं**